दिनांक–22.09.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार, पटना के अध्यक्षता में MIS एवं CGRC पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा हेतु आहुत समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

1. CGRC की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल मोतिहारी में 7 दिनों से अधिक अवधि में लंबित शिकायतों की संख्या सर्वाधिक है। साथ ही, संबंधित क्षेत्र की Scheme Inspection Entries की भी समीक्षा की गई, जिसमें दिनांक 21.09.2026 को मात्र 25 निरीक्षण प्रविष्टियाँ दर्ज पाई गईं। निर्देश दिया गया कि जिन जिलों में Scheme Inspection की 20 से कम Entry पाई गई हैं, उन सभी से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। साथ ही, 7 दिनों से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों का 100 प्रतिशत Compliance सुनिश्चित करते हुए उनका शीघ्र निष्पादन कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

अनुपालन–श्री कुमार प्रदीप, अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

2. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल मुजफ्फरपुर एवं रोहतास में भी CGRC की 7 दिनों से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या सर्वाधिक पाई गई। उक्त लंबित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करते हुए 100 प्रतिशत Compliance सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

3. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल सासाराम में Scheme Inspection के दौरान 187 जलापूर्ति योजनाएँ बंद पाई गईं। योजनाओं के बंद रहने के कारणों की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, कार्यपालक अभियंता सासाराम को सभी बंद योजनाओं की JE–wise समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अनुपालन–श्री कुमार प्रदीप, अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता

4. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पटना पश्चिम एवं गया जी में भी MIS में दर्ज Scheme Inspection के दौरान काफी संख्या में जलापूर्ति योजनाएँ अभी भी बंद (Non Functional) पाई गई हैं। निर्देश दिया गया कि ऐसी योजनाओं की शीघ्र मरम्मति कराकर उन्हें चालू कराया जाए तथा कृत कार्रवाई का ATR, MIS में अनिवार्य रूप से प्रविष्ट किया जाए।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

5. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल शेरघाटी, भोजपुर एवं झंझारपुर में Scheme Inspection की संख्या असंतोषजनक पाई गई। संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के निरीक्षण की संख्या बढ़ाने तथा नियमित रूप से अधिक से अधिक योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर उसकी प्रविष्टि MIS में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

6. निर्देश दिया गया कि इस माह के अंत तक सभी जलापूर्ति योजनाओं का Scheme Inspection पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को प्रतिदिन न्यूनतम 20 योजनाओं का निरीक्षण करने तथा उसकी प्रविष्टि MIS में नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया गया।

अनुपालन–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता/कनीय अभियंता

7. सभी अधीक्षण अभियंता (SE) को निर्देश दिया गया कि Scheme Inspection Electricity Due Store एवं Repair Team से संबंधित Entry समय पर एवं सही ढंग से दर्ज हो रही हैं या नहीं, इसकी नियमित समीक्षा प्रत्येक AE/JE से करें तथा Entry को शीघ्रता से पूर्ण एवं अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–सभी क्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता

8. सभी अधीक्षण अभियंता (SE) को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित Supervisors/Contractors के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यों एवं लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हुए Task Assign करें तथा कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।

अनुपालन– सभी क्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता

9. सभी जिलों में O&M मद में आवंटित राशि से लंबित Electricity Bills/Dues का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विद्युत बकाया के कारण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन प्रभावित न हो।

अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्य वाही संपन्न की गई

05.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/वैक–101/25–823 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता(यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल,बिहार/सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वैक–101/25–823 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वैक–101/25–823 दिनांक– 07/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)